## महावीर सीनियर मॉडल स्कूल
## विषय-हिंदी, कक्षा-नवमी
## शीतकालीन गृहकार्य(2025-26)

**सामान्य निर्देश :**

- सभी उत्तर साफ़ और सुंदर लिखावट में लिखें।
- रचनात्मकता और मौलिक सोच को महत्व दीजिए।
- इस सभी कार्य को आप A4 साइज़ शीत पर करके लाएंगे।

**प्रश्न.1 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।**

**(क)** अपने छोटे भाई/बहन को जल संकट के कारणों और उससे निपटने के उपाय बताते हुए पत्र लिखिए।

**अथवा**

**(ख)** पुस्तकों और डिजिटल माध्यमों की तुलना करते हुए संतुलित उपयोग पर अपने तर्क प्रस्तुत करते हुए अपने छोटे भाई/बहन को पत्र लिखिए।

**प्रश्न.2 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए।**

**(क) भविष्य की दुनिया : मेरी कल्पना**

**संकेत बिंदु :**

- भविष्य की दुनिया का चित्रण
- विज्ञान और तकनीक की भूमिका
- संभावित चुनौतियाँ
- मेरी भूमिका और संकल्प
-

**(ख) विश्व हिंदी दिवस : मेरा संकल्प**

**संकेत बिंदु :**

- हिंदी के प्रति व्यक्तिगत दृष्टिकोण
- संरक्षण व संवर्धन के उपाय
- दैनिक जीवन में प्रयोग
- भविष्य की प्रतिबद्धता

**प्रश्न.3 निम्नलिखित किसी एक विषय पर 80 शब्दों में संवाद लेखन कीजिए -**

(i) डिजिटल युग में फैलने वाली अफवाहें समाज के लिए कितनी घातक है और उनसे बचने के लिए क्या किया जाना चाहिए ? इस विषय पर पत्रकार और छात्र के बीच वार्तालाप को संवाद के रूप में लिखिए -

(ii) वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण क्यों अत्यंत आवश्यक हो गया है और इसमें एक छात्र की क्या भूमिका हो सकती है ? इस विषय पर विद्यार्थी और समाजसेवी के बीच संवाद लिखिए -

**प्रश्न.4 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

जब अप्रैल में मैं बेस कैंप में थी, तेनजिंग अपनी सबसे छोटी सुपुत्री डेकी के साथ हमारे पास आए थे। उन्होंने इस बात पर विशेष महत्व दिया कि दल के प्रत्येक सदस्य और प्रत्येक शेरपा कुली से बातचीत की जाए। जब मेरी बारी आई, मैंने अपना परिचय यह कहकर दिया कि मैं बिलकुल ही नौसिखिया हूँ और एवरेस्ट मेरा पहला अभियान है। तेनजिंग हँसे और मुझसे कहा कि एवरेस्ट उनके लिए भी पहला अभियान है, लेकिन यह भी स्पष्ट किया कि शिखर पर पहुँचने से पहले उन्हें सात बार एवरेस्ट पर जाना पड़ा था। फिर अपना हाथ मेरे कंधे पर रखते हुए उन्होंने कहा, "तुम एक पक्की पर्वतीय लड़की लगती हो। तुम्हें तो शिखर पर पहले ही प्रयास में पहुँच जाना चाहिए।"

**(i) बेस कैंप में आरोहियों से मिलने कौन आया?**

(क) कर्नल खुल्लर आए थे। (ख) शेरपा कुली आए थे।

(ग) तेनजिंग अपनी छोटी बेटी डेकी के साथ आए थे। (घ) तेनजिंग अकेले मिलने आए थे।

**(ii) आगंतुक ने किस बात का विशेष ध्यान रखा?**

(क) दल के हर सदस्य से बात की जाए। (ग) हर शेरपा कुली से बात की जाए।

(ख) केवल कुछ खास लोगों से बात की जाए। (घ) 'क' और 'ग' सही हैं।

**(iii) लेखिका ने आगंतुक को अपना परिचय कैसे दिया?**

(क) मैं स्वस्थ और निडर हूँ। (ख) मैं नौसिखिया हूँ।

(ग) खतरों से खेलना जानती हूँ। (घ) मुझे पर्वतारोहण की उचित जानकारी है।

**(iv) आगंतुक ने क्या कहकर लेखिका का हौंसला बढ़ाया?**

(क) तुम एक बहादुर लड़की हो।

(ख) तुम्हें पहले प्रयास में ही शिखर पर पहुँच जाना चाहिए।

(ग) उन्हें शिखर पर पहुँचने से पहले सात बार एवरेस्ट जाना पड़ा।

(घ) तुम बहुत साहसी हो।

**(v) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्य चुनकर लिखिए।**

**कथन (A):** बचेंद्री पाल एवरेस्ट अभियान में भाग लेने से घबरा रही थी।

**कारण (R):** बचेंद्री पाल नौसिखिया थी और एवरेस्ट पर उसका पहला अभियान था।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं।

(ग) कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है।

(घ) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

**प्रश्न.5 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प चुनकर लिखिए-**

मन कभी खाली नहीं रहना चाहता। सही विचार न हों, तो व्यर्थ विचार चुपके से आकर व्यक्ति को बेचैन कर देते हैं। ये हमें अतीत की ओर ले जाते हैं और हमें पुरानी बातें याद करवाकर हममें यह पछतावा पैदा करते हैं कि काश। हमने यह नहीं किया होता। ये हमें भविष्य की ओर ले जाते हैं, जहाँ तरह-तरह की कल्पनाएँ, नाकामियों की आशंकाएँ, अनहोनी का डर बना रहता है। इन विचारों में नकारात्मकता होती है। ये हमें डराते हैं, हमारे अंदर अपराध-बोध, चिंता जैसे भाव पैदा करते हैं। खाली दिमाग को घेरकर ये हम पर राज करते हैं। इनमें सच्चाई नहीं होती, पर इनमें खोकर हम अपनों और अपने मित्रों से दूर होते जाते हैं। ऐसे विचारों से खुद को कैसे बचाया जाए? हमारा मन अगर इन्हीं में डूबा रहेगा, तो हम हर समय संघर्ष व गुस्से से भरे रहेंगे और बिना समझे अन्य से कड़वा बोलेंगे। एक ही उपाय है कि मन को खाली न छोड़कर सही सोच से भरे रहें। जीवन में अच्छी-बुरी बातें होती रहती हैं। बुरी बातों के बारे में सोचकर मन को उद्विग्न करने की जगह जो कुछ अच्छा हुआ है, उसके बारे में सोचें और मन को खुश रखें। किसी की गलत बात याद आए, तो फ़ौरन उसकी किसी अच्छी बात को याद करने की कोशिश करें। जब यह विचार परेशान करे कि काश! मैंने अपने प्रियजन के साथ यह न किया होता, तो फ़ौरन वह बात याद करें, जो आप जानते हैं कि उन्हें खुशी देने वाली रही होगी। हर बार हमें अपने किए हुए काम या कही हुई बात को बदलने का मौका नहीं मिलता। एक गलत बात की जगह दस ठीक बातें कही गईं, इसे याद करने से हमारे मन में शांति आएगी और फिर व्यर्थ के नकारात्मक विचारों को जगह नहीं मिलेगी। बार-बार के अभ्यास से उनको विदा होना ही पड़ेगा और हमारा मन शांत हो जाएगा।

**(i) लेखक ने मन को किस चीज़ से भरने की बात की है?**

(क) विभिन्न विचारों से (ख) सकारात्मक सोच से (ग) भक्ति भाव से

(घ) शांतिपूर्ण भाव से

**(ii) उपर्युक्त गद्यांश के संबंध में कौन-सा कथन सत्य है?**

(क) खाली दिमाग में हमेशा सही विचार आते हैं।

(ख) नकारात्मक विचार हमारे अंदर डर, भय, चिंता जैसे भाव पैदा करते हैं।

(ग) अपनी सोच को हमेशा सकारात्मक रखें व खुश रहें।

(घ) (ख) और (ग) दोनों

**(iii) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प**

**चुनकर लिखिए।**

**कथन (A):** नकारात्मक विचार खाली दिमाग को घेरकर हम पर राज करते हैं।

**कारण (R):** नकारात्मक विचारों में खोकर हम अपनों और अपने मित्रों से दूर होते जाते हैं।

(क) कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है। (ख) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है। (घ) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है।

**लघु/अतिलघु प्रश्न**

**(iv) व्यर्थ विचार हममें किस प्रकार से पछतावा पैदा करते हैं?**

**(v) अपने मन में शांति लाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? गद्यांश के आधार पर लिखिए।**

**प्रश्न.6 निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में लिखिए-**

(i) आपके पाठ्यक्रम की एक कविता-'अग्नि पथ' में मानव जीवन को अंगारों भरे रास्ते के समान बताया गया है। ऐसे रास्तों
पर निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए हमें क्या करना चाहिए? संकट की स्थिति में क्या दूसरों से मदद लेना सही है?

(ii) पृथ्वी पर जल के अनेक रूप हैं। सबकी अपनी-अपनी उपयोगिता है। पर रहीमदास जी ने कीचड़युक्त जल को महत्वपूर्ण बताया है। आप जल के किस रूप को उपयोगी मानते हैं? अपने विचार लिखिए।

(iii) आपके द्वारा इस पाठ्यक्रम में पढ़ी गई किस कविता में सामाजिक विषमताओं को बेनकाब किया गया है? कविता के आधार पर उन विषमताओं का उल्लेख कीजिए।

(iv) क्या आप मानते हैं कि पशु-पक्षी प्रकृति के अभिन्न अंग हैं और ये हमारे लिए किसी-न-किसी रूप में उपयोगी भी हैं ? अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

**विषय अध्यापक**
**दिनेश कुमार**